तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
ट्रैक्टर का साइलेंसर निकालकर इंजन किया जा रहा स्टार्ट, तेज आवाज से आक्रोशित हो सकता है गजराज



## खबर संक्षेप

### पीलीकोठी में श्रीराम कथा का आरंभ आज से

**कोरबा।** नगर में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस वर्ष श्री राम कथा का भव्य आयोजन 21 से 29 नवंबर तक पीलीकोठी परिसर में किया जाएगा। समस्त कोरबा नगरवासियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा का वाचन श्रद्धेय गुरुवर शंभू शरण लाटा द्वारा किया जाएगा, जो अपनी सरल, भावपूर्ण और प्रेरणादायक प्रवचन शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। कथावाचक महाराज श्रद्धेय गुरुवर शंभू शरण के बारे में चर्चा है कि वे अपने द्वारा कहीं जा रही कथा एवं भक्ति आयोजन में किसी प्रकार का दान या चढ़ावा नहीं लेते हैं और यह आयोजन भी निस्वार्थ भाव से प्रभु की भक्ति के लिए समर्पित है कार्यक्रम में श्रद्धालु प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों और मर्यादा की दिव्य कथा का श्रवण कर सकेंगे।

### डीएमएफ की शासी परिसद की बैठक 6 दिसंबर को

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 6 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### महिला आयोग द्वारा प्राप्त शिकायतों की सुनवाई 27 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं न्याय पीठ द्वारा जिले से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई 27 नवंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में मे नियत की गई है।

### ईमटी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु इमरजेन्सी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) के 14 पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन के आधार पर पात्र-अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है। सूची के समस्त कालमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में 28 नवंबर समय 5 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

## पानी घुसने से प्लांट की छोटी मशीनें डूबी, हाइडल प्लांट से विद्युत उत्पादन करना पड़ा बंद

# स्टाप डेम के तटबंध में आई दरार, मिनी हाइडल प्लांट में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पश्चिम संयंत्र के मिनी हाइडल प्लांट के लिए बनाए गए स्टाप डेम के तटबंध में अचानक दरार आने की वजह से पानी का सैलाब हाइडल प्लांट में जा घुसा। जिसकी वजह से हाइडल प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और वह काम छोड़कर भाग निकले। संयंत्र में पानी घुसने की वजह से कई छोटी मशीनें पानी में डूब गई है। वहीं हाइडल प्लांट में विद्युत उत्पादन ठप पड़ गया है और प्लांट को बंद करना पड़ गया है। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्टाप डेम के तटबंध में आयी दरार का मरम्मत कार्य शुरू किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले कोरबा पश्चिम संयंत्र परिसर के समीप मिनी हाइडल प्लांट का संचालन किया जाता है। इस हादडल प्लांट में 850 किलोवाट की दो इकाईयों से विद्युत उत्पादन किया जाता है। कोरबा पश्चिम संयंत्र के इकाईयों से निकलने वाले पानी को हाइडल प्लांट के पीछे स्थित स्टाप डेम में संग्रहित किया जाता है। इसके बाद इस पानी का उपयोग कर मिनी हाडल प्लांट से विद्युत उत्पादन किया जाता है। उक्त स्टाप डेम में संयंत्र से निकलने वाले पानी के अलावा हसदेव नदी के डूबान क्षेत्र का पानी भी समाहित होता है। गुरूवार की सुबह अचानक स्टाप डेम के तटबंध में दरार आने की वजह से पानी का रिसाव शुरू हुआ और देखते ही देखते दरार से भारी मात्रा में पानी का सैलाब मिनी हाइडल प्लांट की ओर आने लगा। हाडल प्लांट परिसर में पानी घुसने से प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में कर्मचारी अपनी जान बचाने प्लांट से बाहर निकल गए। हालांकि तब तक स्टाप डेम का पानी मिली हाइडल प्लांट व परिसर में एकत्र हो गया था। प्लांट में पानी घुसने से छोटी छोटी मशीनें पानी में डूब गई थी और प्लांट से विद्युत उत्पादन ठप पड़ गया था। जिसकी वजह से फिलहाल प्लांट को बंद कर दिया गया है। सूचना मिलने पर विद्युत कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद स्टाप डेम के तटबंध में आई दरार का मरम्मत कार्य शुरू किया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार दरार का मरम्मत का कार्य पूरा किया गया। हालांकि पानी घुसने की वजह से हाइडल प्लांट में विद्युत उत्पादन ठप पड़ा हुआ है। अधिकारियों की मानें तो प्लांट से पानी बाहर निकालने के बाद मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। आने वाले दिनों में मरम्मत उपरांत मिनी ⏭ शेष पेज 3 पर



मिनी हाइडल प्लांट में घुसा पानी।



स्टाप डेम के तटबंध से निकलता पानी का सैलाब।

### जल्द शुरू किया जाएगा दोबारा विद्युत उत्पादन

हाइडल प्लांट के समीप बनाए गए स्टाप पांड के तटबंध में लगे विशालकाय बरदग के पेड़ की जड़ें तटबंध के अंदर तक जा पहुंची है। जिसकी वजह से तटबंध में धीरे धीरे पानी का रिसाव शुरू हो गया था। तटबंध से पानी का रिसाव होने और पानी की फोर्स की वजह से तटबंध में लगाया गया पत्थर भी हट गया और पानी हाइडल प्लांट में पहुंचने लगा। सूचना मिलने पर मशीनों को बदं कर तटबंध का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। हाइडल प्लांट से पानी बाहर निकाल लिया गया है। मरम्मत के बाद टेस्टिंग कर जल्द ही हाइडल प्लांट से विद्युत उत्पादन शुरू कर लिया जाएगा।

**- पीके स्वाईन,** प्रभारी सीई, एचटीपीएस संयंत्र

### बरगद की जड़ों से तटबंध हुआ कमजोर



संयंत्र प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया है कि तटबंध के समीप के विशालकाय बरगद का पेड़ है, जिसकी जड़ें तटबंध के अंदर जाने की वजह से तटबंध का कुछ हिस्सा कमजोर हो गया और उसे धीरे धीरे पानी का रिसाव होने लगा। पानी के दबाव की वजह से तटबंध के किनारे में लगाए गए पत्थर भी हट गया और देखते ही देखते ज्यादा मात्रा में पानी का रिसाव होने लगा। यह पानी मिनी हाडल प्लांट प्रेशर में समाहित हो गया, जिसके बाद मशीनों को बंद कर दिया गया है। लगभग 12 बजे से विद्युत उत्पादन बंद कर दिया गया है और रिसाव को रोकने का काम शुरू कर दिया गया है। सिविल विभाग की टीम द्वारा घंटों की मशक्कत के बाद तटबंध का मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। हाइडल प्लांट में घुसे पानी को बाहर निकाल लिया गया है। जल्द ही मरम्मत कार्य पूरा कर हाइडल प्लांट से दोबारा विद्युत उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

# समय पर नहीं पहुंची एंबुलेंस तो अस्पताल से पहले ऑटो में ही नवजात को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले जाने परिजनों ने महतारी एक्सप्रेस की मदद चाही, लेकिन सरकारी एंबुलेंस समय पर स्वास्थ्य केन्द्र नहीं पहुंचा। लिहाजा दर्द से तड़ प्रसूता को परिजन ई रिक्शा से लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए। इस दौरान प्रसूता के साथ स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची मितानिन भी नदारद हो गई। वहीं दूसरी ओर अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रसूता ने ऑटो में ही बच्चे को जन्म दे दिया। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोलकर रखी दी है। जिले में लचर स्वास्थ्य सुविधाएं मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। ताजा मामला दर्री थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी बस्ती का है। बताया जा रहा है कि यहां बाबूलाल विश्वकर्मा का परिवार निवासरत है, जो कि पेशे से राजमिस्त्री है। गुरूवार की सुबह बाबूलाल की गर्भवती पत्नी सीमा विश्वकर्मा को प्रसव पीड़ा पर उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। वहां मौजूद स्टाफ ने जांच के बाद बताया कि सीमा विश्वकर्मा के शरीर में खून की कमी है। प्रसव के दौरान दिक्कत हो सकती है, इसलिए सीमा विश्वकर्मा को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के इस जवाब के बाद परिजनों ने महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस के लिए कॉल किया। काफी देर तक इंतजार के बाद भी एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। जिसके बाद स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी ने एक ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बातें

- महतारी एक्सप्रेस की मदद नहीं मिलने पर बीच रास्ते में छोड़कर भागी मितानिन
- परिजनों ने मितानिन के असहयोग व्यवहार व एंबुलेंस की लेटलतीफी से प्रसूता की जान खतरे में डालने का लगाया आरोप



वह ऑटो जिसमें प्रसूता ने नवजात बच्चे को दिया जन्म।

### जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई

यह एक गंभीर लापरवाही का मामला है। मामले की जांच उपरांत गलती पाये जाने पर दोषी मितानिन या महतारी एक्सप्रेस के चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**- एसएनकेसरी,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

# उपचार के दौरान गर्भवती महिला की मौत, परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंची एक गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक पर उपचार के दौरान लापरवाही बरतने से महिला की मौत का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने सीएमएचओ से 15 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

जांजगीर चांपा जिले के खिसोरा निवासी पारिस साहू ने आरोप लगाया है कि आयुष्मान हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक ज्योति श्रीवास्तव पर उपचार के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पारिस साहू ने आरोप लगाया है कि लापरवाही की वजह से उनकी 27 वर्षीय गर्भवती पत्नी दुर्गेश्वरी साहू की मौत हुई है। परिजनों का कहना है कि समय पर उचित उपचार और सही चिकित्सा प्रक्रिया अपनाई जाती तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों के अनुसार वह 1 अक्टूबर को अपनी 24 सप्ताह की गर्भवती पत्नी दुर्गेश्वरी साहू को आयुष्मान हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सोनोग्राफी कराने की सलाह दी। बताया गया कि बच्चे की स्थिति ठीक नहीं है और अबॉर्शन कराने की जरूरत है। जिसके बाद दंपति सहमत हुए और डॉक्टर की सलाह अनुसार दवाइयाँ लेकर घर चले गए। 4 अक्टूबर की रात महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां अबॉर्शन प्रक्रिया एवं पेट की धुलाई की गई। 5 अक्टूबर की सुबह महिला को डिस्चार्ज भी कर दिया गया। घर लौटने के बाद महिला के यूरिनल मार्ग से मल का रिसाव होने लगा। 6 अक्टूबर को दोबारा आयुष्मान हॉस्पिटल लाए जाने पर सोनोग्राफी की गई और परिजनों के अनुसार महिला को यह कहकर बालको हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया कि वहां आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। बालको हॉस्पिटल में सोनोग्राफी के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि महिला के पेट में मृत भ्रूण मौजूद है और आंतरिक चोटें भी मिली है। संक्रमण बढ़ने से महिला की स्थिति लगातार गंभीर होती गई और बाद में उसकी मौत हो गई। मृतका के पति पारिस साहू ने बताया कि वे पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच चाहते हैं और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं। पीड़ित की शिकायत पर मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ एसएन केसरी को जिलाधीश कार्यालय के माध्यम से जानकारी दी गई और 15 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया गया है।

## गुणवत्ता की भूमिका को समझने में मिल रही मदद

# बालको ने मनाया वर्ल्ड क्वालिटी वीक, गुणवत्ता के नवाचार को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने वर्ल्ड क्वालिटी वीक पर साप्ताहिक उत्सव मनाया गया। इस वर्ष की थीम थिंक डिफरेंटलीके अंतर्गत पूरा सप्ताह नवाचार, नए दृष्टिकोण और लगातार सुधार की संस्कृति को मजबूत करने पर केंद्रित था। बालको के प्रमुख प्रचालन क्षेत्र, पावर प्लांट, कार्बन, कास्टहाउस, क्वालिटी एश्योरेंस लैब, एसआरएस और पॉटलाइन में आकर्षक मिनी मॉडल प्रदर्शित की गई। इससे कर्मचारियों को उत्पादन प्रक्रिया की जटिलताओं और हर चरण में गुणवत्ता की भूमिका को समझने में मदद मिली। सप्ताह भर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में 1 हजार से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया, जो रचनात्मकता, सहयोग और सीख पर आधारित थीं। इस अवसर पर थिंक डिफरेंटलीऔर स्पीक क्वालिटीविषयों पर स्लोगन लेखन तथा क्वालिटी कैनवास प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें कर्मचारियों ने डिजिटल एवं हस्तनिर्मित पोस्टरों के माध्यम से गुणवत्ता की उत्कृष्टता पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। कर्मचारियों ने वॉइस ऑफ वैल्यूज़के माध्यम से अपने अनुभव और कार्यस्थल से मिली सीख को साझा किया, जो बालको की मूल्य-आधारित कार्य संस्कृति को दर्शाती है। गुणवत्ता सप्ताह के दौरान आयोजित कौन बनेगा क्वालिटी चैंपियनक्विज़ ने प्रतिभागियों की गुणवत्ता प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं पर उनकी समझ को परखा। चाय पर चर्चासत्र ने कर्मचारियों को खुलकर अपने अनुभव और गुणवत्ता संस्कृति को सुदृढ़ करने के नए समाधान साझा करने का अवसर दिया। डिफेक्ट्स हंटअभ्यास ने टीमों को गुणवत्ता की कमियों की पहचान एवं मूल कारण विश्लेषण (आरसीए)) करने जैसे प्रभावी सुधारात्मक कदम सुझाने के लिए प्रेरित किया।



जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सीएमओ का मोबाइल हैक कर आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** सीएमओ का मोबाइल हैक कर 1 लाख 74 हजार रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका वीआईपी कालोनी निवासी उमाकांत राठौर पिता हरीश कुमार राठौर सिम्स अस्पताल में सीएमओ के पद पर पदस्थ हैं। 18 नवंबर की दोपहर 12 बजे उन्होंने अपना मोबाइल देखा तो वह अपडेट हो रहा था। उन्होंने मोबाइल बंद कर चालू किया तो मोबाइलधारक कविता, राहुल श्रीवास्तव द्वारा उनके फोन पे को हैक कर अलग अलग किश्तों में 1 लाख 74 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मोबाइलधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक से मारपीट कर एक्टिवा में की तोड़फोड़

बिलासपुर। पुरानी रंजिश में एक युवक के साथ दूसरे युवकों ने मारपीट कर चेन स्पाकेट से हमला कर दिया और एक्टिवा में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अमेरी निवासी विक्रांत जांगड़े पिता धनेश जांगड़े तिलकनगर कपड़ा दुकान में काम करते हैं। 19 नवंबर की शाम 7 बजे दुकान के गार्ड ने कहा दो लड़के उन्हें बुला रहे हैं। वे बाहर निकले तो विशु चौबे, कुरू व अन्य युवक पुराने विवाद के संबंध में बात करना है कहकर लखीराम आडिटोरियम के सामने लेकर गए और उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चेन स्पाकेट से हमला कर दिया। वहीं उनकी एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एसी, 9604 को विशु चौबे के द्वारा तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,2, 296, 3, 5, 324, 4, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### दो भाइयों से मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला

**बिलासपुर।** पुराने विवाद में दो भाइयों के साथ युवकों ने मारपीट करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नूतन चौक निवासी नवीन मरावी पिता रामगोपाल प्राइवेट कालेज की पढ़ाई कर रहे हैं। 19 नवंबर की रात 10 बजे वे अपने भाई विवेक मरावी के साथ घर के बाहर बातचीत करते खड़े थे। इसी दौरान अशोकनगर अटल आवास निवासी अमन गुप्ता, रूपेश यादव एक अन्य साथी के साथ आए और पुराने विवाद को लेकर उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान अमन गुप्ता ने हाथ में रखे किसी नुकीली वस्तु से नवनी मरावी के सिर पर हमला कर दिया। वहीं उसके भाई के साथ बेल्ट से मारपीट की गई है। पुलिस ने नवीन की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्रा से छेड़खानी 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कालेज से घर जा रही छात्रा से छेड़खानी करने वाले 3 बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा गुरूवार को कालेज से पैदल घर जा रही थी। इसी दौरान तीन युवक रास्ता रोककर छात्रा का हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगे। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 74, 296, 3, 5 के तहत आरोपी तुषार उर्फ छोटू साहू पिता विजय साहू 22 साल डोंगरीपारा कोटा, कोमल साहू पिता रविशंकर साहू 19 साल फिरंगीपारा कोटा, नितेश साहू पिता रवि कुमार साहू 25 साल फिरंगीपारा कोटा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। श्री नवरंग ने बताया, आरोपी तुषार साहू पर 12, नितेश साहू पर 3, कोमल साहू पर 4 मामले पहले से थाने में दर्ज है। तीनों आरोपियों की थाना में गुंडा फाइल खोली गई है।

नहीं बना पा रहे आशियाना | गरीब तबके के लोगों पर बड़ा असर

# केवल छोटे कच्चे प्लॉट की रजिस्ट्री प्रतिबंधित, धड़ल्ले से बिक रहे बड़े प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कच्चे प्लॉटों की अवैध बिक्री जिले में पूरी तरह प्रतिबंधित है, जिनकी रजिस्ट्री नहीं की जा रही है, लेकिन कच्चे प्लॉट अगर साईज में बड़े हों तो हाथोंहाथ रजिस्ट्री हो रही है। रजिस्ट्री विभाग द्वारा दस से पंद्रह डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री हो जाने की बात कही जा रही है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक पांच हजार वर्गफीट कच्चे प्लॉटों की रजिस्ट्री भी आसानी से कर दी जा रही है।

पांच डिसमिल से छोटे प्लॉट की बिक्री प्रतिबंधित है, लेकिन बड़े प्लॉट की रजिस्ट्री चाहे ही वो कच्ची प्लॉटिंग ही क्यों न हों धड़ल्ले से जारी रखने वाली दोहरी नीति इन दिनों रजिस्ट्री विभाग में चल रही है। कम जमा पूंजी में छोटे प्लॉट लेकर अपना आशियाना बनाने का सपना देखने वाले जरूरतमंद जिलेवासी फिलहाल अपने घर का सपना भी नहीं देख पा रहे हैं। शहर के दस किलोमीटर के दायरे में चारों ओर कच्ची प्लॉटिंग कर जमीन की अवैध बिक्री करने वाले कॉलोनाइजरों के एजेंट छतरी लगाकर बैठे हैं। यहां उन्होंने बड़े-बड़े बैनर तानकर रखा हैं, जिसमें वे साफ तौर पर 5500 से 11 हजार वर्गफीट के प्लॉट आसानी से मिलने एवं रजिस्ट्री होने का दावा कर रहे हैं।

### कॉलोनाईजर व इंवेस्टर्स को लाभ, जरूरतमंदों को दिक्कत

जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने के लिए कॉलोनाईजरों को बहुत सारे ग्राहकों की खोज करनी पड़ती है, लेकिन कालोनी में बड़े प्लॉट काटकर पूरी कॉलोनी की जमीन जल्दी बिक जाती है, जिसमें माथपच्ची नहीं करनी पड़ती। इसी तरह बड़े प्लॉट लेने से इंवेस्टर्स को भी जमीन सस्ते में मिल जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में नुकसान केवल कम बजट में अपनी जमीन व घर का सपना देखने वाले जरूरतमंदों का हो रहा है, जो फिलहाल जमीन खरीदी कर पाने से पूरी तरह अक्षम हो चुके हैं।

### रेरा-टीएनसी बेहद महंगा

रेरा व टीएनसी कॉलोनियों में सुविधाएं निश्चित रूप से बेहतर मिलती हैं। बसाहट व्यवस्थित होती है, लेकिन जरूरतमंदों के बजट से बाहर होती हैं। रेरा-टीएनसी अप्रूव्ड केवल जमीन की खरीदी जितने पैसों में की जाएगी, उतने बजट में जरूरतमंदों के द्वारा जमीन की खरीदी व उस पर घर का निर्माण भी कर लिया जाएगा। इसीलिए सीमित संसाधन वाले लोगों के द्वारा कच्ची प्लॉटिंग वाली जमीन की खरीदी को प्राथमिकता दी जाती है।

### सवाल व्यवस्थित बसाहट का है

सवाल कच्चे या टीएनसी-रेरा वाले प्लॉट का नहीं है। सवाल व्यवस्थित बसाहट का है। ऐसी कोई कॉलोनी प्रस्तावित है, जिसमें सड़कों की चौड़ाई केवल पंद्रह से बीस फीट की हैं। ऐसी कॉलोनियों में सड़क के दोनों ओर अगर लोगों की चारपहिया गाड़ियां खड़ी हों, तो ऐसे में रात में किसी को स्वास्थ्यगत परेशानी आ जाए और एंबुलेंस जाने लायक भी जगह न हो तो ऐसी अव्यवस्थित बसाहट का क्या फायदा? ले-आऊट कम से कम ऐसा हो जिनमें सड़कें तीस फीट चौड़ी हों, ताकि एंबुलेंस व दमकल जैसी गाड़ियां देर रात भी बिना अवरोध के आवागमन कर सकें। ऐसी कालोनियों के प्लॉट की बिक्री भी होगी और रजिस्ट्री भी होगी।


संजय अग्रवाल, कलेक्टर

### कालोनाइजर ही बेचते हैं

कोई किसान एक एकड़ जमीन को हजार-दो हजार वर्गफीट टुकड़ों में नहीं बेचता। ऐसा केवल कालोनाईजर ही करते हैं, जो कच्ची प्लॉटिंग का अवैध कारोबार करते हैं। ऐसी जमीनों की रजिस्ट्री प्रतिबंधित है। एक एकड़ जमीन के अगर पांच से सात टुकड़े हो रहे हैं, तो इनकी रजिस्ट्री हो रही है और इनकी रजिस्ट्री रोकी भी नहीं जा सकती।

-आरके स्वर्णकार, जिला पंजीयक

सौंदर्यीकरण...



शिव टाकीज रोड पर सड़क किनारे विकसित किए गए उद्यान का आकर्षक फव्वारा।

चौथी लाइन को जोड़ने

# रद्द रहेगी रायगढ़-बिलासपुर मेमू 23 से




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य और रायगढ़-कोतरलिया सेक्शन में आटो सिग्नलिंग का कार्य करने के कारण रायगढ़-बिलासपुर मेमू और अन्य ट्रेन 23 नवम्बर से रद्द की जाएगी।

रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी एवं चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है। यह हावड़ा-मुम्बई की व्यस्त रेल मार्ग है, जो क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है। बिलासपुर से झारसगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 150 किलोमीटर से अधिक की रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य 21 नवम्बर शुक्रवार से 11 दिसम्बर तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इस कार्य की वजह से 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली 68737 रायगढ-बिलासपुर मेमू, 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक बिलासपुर सम्चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द की जाएगी। इसके अलावा 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक गोंदिया एवं झारसुगुड़ा से चलने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा से गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

युवक का महासमुंद से कर लिया गया था अपहरण

# जुर्म दर्ज हुआ नहीं, साइबर सेल ने फरार युवक का दे दिया मोबाइल लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। ढाई करोड़ के लेनदेन के मामले में साइबर सेल से बिना अपराध दर्ज हुए फरार युवक का मोबाइल लोकेशन निकाला और उसे दूसरे व्यक्ति को दे दिया। जानकारी होने पर एसएसपी ने साइबर सेल टीम को तलब कर जमकर फटकार लगाई है। इस मामले में सिविल लाइन सीएसपी को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

- एसएसपी ने लगाई फटकार, सिविल लाइन सीएसपी को जांच करने का दिया आदेश

सूत्रों के अनुसार राजनांदगांव निवासी अनिल सोनी व बिलासपुर का एक युवक शहर में क्रिप्टो करंसी के नाम पर लोगों से पैसा जमा करा रहे थे। इसी बीच अनिल सोनी करीब ढाई करोड़ रुपए लेकर शहर छोड़कर भाग गया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। पार्टनर युवक उसकी तलाश कर रहा था। पता नहीं चलने पर उक्त युवक ने बिलासपुर साइबर सेल के पुलिसकर्मियों से संपर्क किया। बताया जाता है साइबर सेल से बिना एफआईआर के अनिल सोनी का मोबाइल लोकेशन निकालकर गोपनीय तरीके दे दिया गया। उसके बाद उक्त युवक ने अपने साथियों के साथ महासमुंद साकरा के एक लाज में क्राइम ब्रांच का सदस्य बनकर दबिश दी और उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। जानकारी होने अनिल सोनी के पिता ने राजनांदगांव एसपी से मिलकर अपने बेटे के अपहरण की जानकारी दी। घटनास्थल महासमुंद होने पर राजनांदगांव एसपी ने महासमुंद एसपी को घटना की जानकारी दी। उसके बाद राजनांदगांव की विशेष टीम ने रायपुर के पहले सभी को पकड़ लिया। बाद में मामला लेनदेन का निकलने पर अपहृत व्यक्ति के पिता ने रिपोर्ट नहीं लिखाई और सभी को छोड़ दिया गया। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने साइबर सेल प्रभारी सहित टीम को तलब कर जमकर फटकार लगाई है।

उन्होंने सिविल लाइन सीएसपी को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। गुरूवार को सीएसपी ने साइबर सेल टीम को बयान देने के लिए नोटिस जारी किया है।


### जांच का आदेश दिया गया है

एसीसीयू टीम क्रिप्टो करेंसी चलाने वालों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर से पूछताछ कर मोबाइल लोकेशन निकाला जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर को लोकेशन की जानकारी हो गई थी। बहरहाल लोकेशन बाहर गई है या नहीं, इसके लिए सिविल लाइन सीएसपी को जांच करने का आदेश दिया गया है।

**-रजनेश सिंह**
एसएसपी

### मकान से 40 हजार रुपए पार, आरोपी से 1500 जब्त

**बिलासपुर।** पिछले दिनों एक मकान से 40 हजार रुपए की चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने चोरी करने वाले युवक को पकड़कर उससे मात्र 1500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



नूतन चौक निवासी गणेश यादव पिता अर्जुन यादव 25 साल चाय दुकान चलाते हैं। 15 नवंबर को सुबह 7.30 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर दुकान चले गए थे। सुबह 11 बजे वे नहाने के लिए घर गए तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और बैग में रखा 40 हजार रुपए पार हो गया था। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चांटीडीह ईरानी चौक निवासी गणेश यादव पिता भरत यादव 24 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चाय दुकान संचालक के घर से 40 हजार रुपए चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से मात्र 1500 रुपए जब्त किया गया है। शेष रकम 38 हजार 500 रुपए खर्च कर देना बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

562 लोगों से की गई वसूली

# 47 उपभोक्ताओं के कटे बिजली कनेक्शन

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा लगातार बिल वसूली का अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व डिवीजन के अंतर्गत सिरगिट्टी, तोरवा, और लिंकरोड जोन द्वारा वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग 893 लोगों से वसूली कर पाया। खास बात यह है कि जोन कार्यालय के अलावा सिटी सर्किल के डिवीजन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी वसूली में लगाए गए हैं।

पूर्वी डिवीजन के ईई हेमंत चंद्रा ने बताया कि 1 नवंबर से 18 नवंबर के बीच बकाया बिल की वसूली के लिए बिजली कनेक्शन काटे गए है। इस दौरान 28 लाख 47 हजार की वसूली नहीं होने पर 47 लोगों के घरों के कनेक्शन काटे गए, हालांकि



कुछ लोगों ने कनेक्शन काटने के बाद बिजली बिल का भुगतान किया है, जिसके बाद लाइन भी जोड़ दी गई है। विभाग के अधिकारियों ने 562 लोगों से 1 करोड़ 8 लाख 28 हजार रूपए की वसूली की गई है। अधिकारियों के अनुसार आला अधिकारियों के आदेश के बाद लगातार बिजली वसूली अभियान चलाया जा रहा है।

रामानुजगंज में अब तक की दूसरी बड़ी कार्रवाई

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, नशीला कफ सिरप के तीन सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में नशे के कारण दो युवकों की हालही ही मौत के बाद आबकारी विभाग ने नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से 140 नग कफ सिरप जब्त किया। नगर में नशे के खिलाफ विभाग की दूसरी बड़ी कार्रवाई है।



सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि पलटन घाट क्षेत्र में दो सप्लायर राहुल गुप्ता और सरफराज अंसारी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप की डीलिंग करने वाले हैं। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने तत्काल पलटन घाट मार्ग पर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को धर-दबोचा। उड़न दस्ता की टीम ने राहुल गुप्ता की स्कूटी क्रमांक सीजी 30 जी 7112 से 80 नग तथा सरफराज अंसारी की बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएफ 8374 से 60 नग कफ सिरप बरामद किया। टीम ने दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि प्रतिबंधित कफ सिरप उन्हें वार्ड क्रमांक 3 निवासी प्रवीण कश्यप द्वारा सप्लाई किया गया था। इसके बाद आरोपियों ने पैसे के बहाने उसे बुलाया, जहां उड़नदस्ता टीम ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

### नशे के कारोबार में लिप्त युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अंबिकापुर। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत रामानुजगंज पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रामानुजगंज पुलिस ने 12 अक्टूबर को रामानुजगंज रिंग रोड निवासी 21 वर्षीय मंटू सोनी आ. प्रमोद सोनी को घेराबंदी कर पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी के पास से अल्प्राजोलम टेबलेट 210 नग, रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 7 नग, एविल इंजेक्शन 5 नग बरामद किया था। इसी कड़ी में पुलिस ने जांच के बाद मंटू सोनी को नशीला इंजेक्शन और टेबलेट प्रदान करने वाले सप्लायर झारखंड के गोदरमाना निवासी 25 वर्षीय दिलीप उर्फ भलटू गुप्ता आ. मनोज गुप्ता व रामानुजगंज निवासी 49 वर्षीय रमेश कश्यप आ. महेश कश्यप को भी गिरफ्तार कर भेजा था। इसके साथ ही इस मामले एम तूफानी पासवान फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 6 निवासी 25 वर्षीय तूफानी पासवान आ. प्रसिद्ध पासवान को भी एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (सी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जानलेवा हमला कर भाग रहा पति गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब के नशे धुत पति ने न सिर्फ पत्नी से विवाद किया बल्कि टांगी से जानलेवा हमला कर फरार हो गया। भागने के दौरान ही रास्ते में पति गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चूल्हा कोना निवासी करम साय आ. मंगरा (40 वर्ष) 13 नवम्बर को नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी लिदुर से विवाद करने लगा। विवाद के दौरान ही पति ने पत्नी के पैर में टांगी से जानलेवा हमला कर घर से फरार हो गया। इधर मारपीट से घायल हुए लिदुर को परिजन शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इधर जब पिता घर गया तो देखा करम साय दरवाजा बंद कर अंदर सो रहा था। पिता ने दरवाजा खुलवाने लगा लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिस पर पिता ने किसी तरह दरवाजा खोल अंदर गया तो देखा पुत्र करम साय घायल हालत में बेहोश पड़ा था। परिजन उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया और रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तबीयत बिगड़ने से गंभीर गर्भवती महिला की मौत

घर में अचानक तबीयत बिगड़ने से गंभीर हुई आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम चठिरमा निवासी उषा पति कोमल सिंह (25 वर्ष) आठ माह की गर्भवती थी। बीती रात लगभग 10 बजे रात में अचानक तबीयत खराब हो गई। गर्भवती ने अत्यधिक गर्मी लगने की शिकायत की जिस पर पति पंखा से हवा देने के साथ मितानिन को बुलाया। मितानिन ने तत्काल संजीवनी 108 से महिला को लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप



### स्वचालित मेले का बच्चों ने जमकर उठाया आनंद

**पाली।** बाल दिवस पर चैतमा जोन के सभी प्राथमिक विद्यालय में फन मेले का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करना था। इस मेले की मुख्य विशेषता एक ऐसा स्वचलित मेला था जहां बच्चे स्वयं से करके सीख रहे थे। सभी प्राथमिक विद्यालय में योजना आधारित नियमानुसार मेले का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन पर डाइट की टीम पहुंची एवं हमारा मार्गदर्शन किया। इस प्रकार इन मेलों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा और गणित की बुनियादी समझ को मज़बूत करने के लिए रोचक और व्यावहारिक गतिविधियां प्रदान करना था, जिसमें बच्चों ने खुद स्टॉल लगाए और एक-दूसरे को सिखाया। शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इन मेलों में भाग लिया और बच्चों के उत्साह की सराहना की। एफएलएन जोन प्रभारी अनिल जगत, बीआरजी श्रीमती श्रद्धा शर्मा, निर्मल पटेल, सहायक बीआरजी पुष्पलता भार्गव, मालती कंवर, डीआरजी उत्तरा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सृष्टि महिला मंडल ने विद्यार्थियों को स्वेटर का किया वितरण



**गेवरा दीपका।** शक्तिनगर गेवरा के सृष्टि महिला मंडल समाज सेवी संस्था ने दीपका विजय नगर के मिडिल स्कूल में कक्षा एक से कक्षा आठवीं तक के सभी उपस्थित विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती गौरी चक्रवर्ती व सचिव श्रीमती रागिनी तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता बनर्जी की उपस्थिति में स्वेटर का भेंट किया। समिति की सदस्य श्रीमती कल्पना शुक्ला ने बच्चों के साथ गीत गाया। प्राचार्य श्रीमती नीलू अवस्थी ने सृष्टि महिला मंडल के समाज सेवी की भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रधानपाठक सर्वेश सोनी ने अपने संबोधन में समाज सेवा के लिए स्कूल, अस्पताल व गौसेवा को प्रधानता देने अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका श्रीमती वीणा पांडेय, श्रीमती संध्या रानी ठाकुर, श्रीमती मिनी मैथ्यू, प्रधान पाठिका श्रीमती भीमेश्वरी राठौर, श्रीमती पुष्पलता महेश, श्रीमती लीली ग्रेस कुजूर, डॉ अनिता पटेल, श्रीमती अलका सोनी, श्रीमती सरस्वती कश्यप का योगदान रहा। इस मौके पर हरिराम पटेल, नकुल यादव, श्रीमती आनंद यादव, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती सरिता, श्रीमती सूरज उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय बिंझरा में साइकिल वितरण एवं आनंद बाल मेला सम्पन्न

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बिंझरा में बुधवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम एवं आनंद बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह रहे। सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं में अध्ययनरत कुल 43 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी देखने को मिली। विद्यालय परिसर में आयोजित आनंद बाल मेला में कुल 15 आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें ईडली, पाव भाजी, गुपचुप, छोले भटूरे, देहाती बड़ा, भजिया, ब्रेड पकोड़ा, मंचूरियन, पास्ता तथा चाय–कॉफी जैसे व्यंजनों का आनंद छात्रों एवं उपस्थितजनों ने उठाया। लगाए गए स्टॉल उपस्थितजनों ने कूपन के माध्यम से खरीदारी की तथा अंत में कूपन आधारित प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें प्रथम स्थान आदर्श ग्रुप, द्वितीय स्थान चांदनी ग्रुप तथा तृतीय स्थान प्रवीण ग्रुप ने प्राप्त किया।

### बेरिकेड्स लांघने पर सुरक्षा कर्मियों के साथ हुई तीखी नोकझोंक

**भूविस्थापित सीएमडी से चर्चा की मांग को लेकर अड़े रहे**

# भूविस्थापितों ने चार घंटे एसईसीएल मुख्यालय में किया उग्र प्रदर्शन



एसईसीएल मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते भूविस्थापित।



भूविस्थापितों को रोकती हुई पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों से प्रभावित भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर एसईसीएल मुख्यालय का घेराव कर दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान

**खास बात**

- सीएमडी ने प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता कर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

भूविस्थापित बेरिकेट्स2 तोड़कर आगे बढ़ रहे थे, इस दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिस बल व सुरक्षा कर्मियों के साथ भूविस्थापितों की नोकझोंक भी देखने को मिली। भूविस्थापित सीएमडी से चर्चा की मांग को लेकर अड़े रहे। मुख्यालय का 4 घंटे तक घेराव करने के बाद आखिरकार भूविस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया गया, जहां सीएमडी सहित अन्य बोर्ड मेम्बरों ने प्रतिनिधि मंडल के साथ चर्चा की और जल्द बैठक आयोजित कर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद भूविस्थापितों ने अपना घेराव प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में गुरूवार को अर्जन के बाद जन्म लेने वाले छोटे खातेदारों को रोजगार एवं लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित गांव के बेरोजगारों को शत प्रतिशत रोजगार देने की मांग को लेकर रैली निकालते हुए एसईसीएल मुख्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर घेराव प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन द्वारा प्रभावितों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने पर प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और रोजगार देने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। घेराव को रोकने के लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा दो चरण में बेरिकेटिंग की गई थी बावजूद इसके भूविस्थापितों ने बेरिकेटिंग को तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और नोकझोंक भी देखने को मिली। प्रदर्शनकारी सीएमडी से चर्चा करने की मांग पर अड़े रहे। आखिरकार 4 घंटे बाद एसईसीएल मुख्यालय के अंदर से अधिकारी बाहर निकले और भूविस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल को मांगो के संबंध में चर्चा के लिए बुलाया। वार्ता में किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल में प्रशांत झा, दीपक साहू, रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु यादव, रमेश दास एवं एसईसीएल की ओर से सीएमडी हरीश दूहन, डीपी विरंची दास के साथ बोर्ड मेंबर बैठक में उपस्थित थे। बैठक में किसान सभा के प्रतिनिधि मंडल ने एसईसीएल मुख्यालय के सामने अर्जन के बाद जन्म और सभी छोटे खातेदारों को रोजगार देने की मांग को प्रमुखता से रखी। सीएमडी हरीश दूहन ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और सभी समस्याओं के समाधान के लिए जल्द बैठक आयोजित कर मांगों को पूरा करने संबंधी आश्वासन दिया। जिसके बाद भूविस्थापितों ने अपना घेराव प्रदर्शन समाप्त कर दिया। घेराव के दौरान वामपंथी नेता नंद कश्यप ने भूविस्थापितों को संबोधित किया। इस दौरान सुमेन्द्र सिंह कंवर, दीनानाथ, अनिल बिंझवार, नरेश, नारायण, नरेंद्र, होरीलाल, डूमन, उमेश, विजय, बजरंग सोनी, उत्तम, जितेंद्र, गणेश, राजकुमारी, पुरषोत्तम, रामखिलावन, हेम लाल, विष्णु पटेल, चंद्रशेखर, शंकर, अमरजीत, कैलाश, संजय, पवन, राहुल, हरिहर, रमेश दास, सोनू, हीरा सिंह कंवर, प्रकाश, भीमदास, बिमल दास, विनोद, सुरेश, राजेंद्र राठौर के साथ चारों क्षेत्र के भूविस्थापित उपस्थित थे।

**छोटे व बड़े खातेदारों के नाम पर बांटा जा रहा किसानों को**

किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि पुराने लंबित रोजगार को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है। किसानों को छोटे बड़े खातेदार के नाम पर बांटा जा रहा है किसानों की एकता में फुट डालने का काम एसईसीएल द्वारा किया जा रहा है छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित किया गया है और आउट सोर्सिंग कार्यों में भी प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया है। भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम, रेशम यादव, रघु यादव, सुमेंद्र सिंह और दीपका क्षेत्र के पवन यादव ने कहा कि 1978 से लेकर 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है।

**16 को गेवरा तो 30 दिसंबर को कुसमुंडा में खदानबंदी आंदोलन**

किसान सभा ने कहा है कि मांगो पर आगे सकात्मक पहल नहीं उठाया गया तो 16 दिसंबर को गेवरा क्षेत्र एवं 30 दिसंबर को कुसमुंडा क्षेत्र में प्रदर्शन और खदान बंदी आंदोलन किया जाएगा। किसान सभा ने आगे के आंदोलन के लिए प्रबंधन को नोटिस भी थमा दिया है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने बैठक में एसईसीएल के अधिकारियों से कहा है कि सभी भूविस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण की है उन सभी खाते पर भूविस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है। अपने पुनर्वास और रोजगार के लिए भूविस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। इस बार गुमराह करने का प्रयास किया गया तो खदानों में उग्र आंदोलन होगा।

### एसडीजी डैशबोर्ड डाटा एंट्री किए जाने के निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों-वनमंडलाधिकारी वनमण्डल कोरबा, कटघोरा, उपसंचालक कृषि, समाज कल्याण, अधीक्षक भू-अभिलेख, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रभारी अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, सहायक श्रमायुक्त, कार्यपालन अभियंता विद्युत, क्रेडा और कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, मध्यम सिंचाई कोरबा को पत्र जारी कर एसडीजी डैशबोर्ड में वर्ष 2024-25 डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर की जानकारी एक सप्ताह में एण्ट्री कार्य पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय कोरबा को एक प्रति भेजकर सूचित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया है।

### ऑटो स्टैंड का बोर्ड गायब संघ ने की शिकायत

**कोरबा।** जिला ऑटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने सीएसईबी चौकी पुलिस से लिखित में शिकायत की है कि टीपी नगर होटल शालिन के सामने ऑटो चालकों के लिए ऑटो स्टैंड का बोर्ड पूर्व में लगाया गया था जिसे विगत दिनों अज्ञात तत्वों के द्वारा ऑटो स्टैंड के बोर्ड को तोड़कर फेंक दिया गया है। संघ ने मामले की लिखित शिकायत कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ छानबीन कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली के द्वारा शपथ कराया तथा इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक श्रीमती आशा आजाद, अवधेश गुप्ता रासेयो स्वयंसेवक तथा अन्य छात्र छात्रा इस शपथ में उपस्थित रहे।

## एसईसीएल प्रभावित क्षेत्रों में मकान मुआवजे की दरें बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल के गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्रों में कोयला खनन विस्तार से प्रभावित हो रहे ग्रामों के निवासियों की अपनी परिसंपत्तियों (मकानों) के मुआवजे के मूल्यांकन में

**खास बात**

- पुरानी और नई दरों में भारी अंतर का लगा आरोप

वित्तीय वर्ष 2025-26 की बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों को लागू करने की मांग ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने की है। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि छत्तीसगढ़ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने लगभग 5 साल बाद नई दरें लागू की है। मकानों और परिसंपत्तियों की मुआवजा की गणना मूल्यांकन बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार किया जाता है। पिछले 5 वर्षों में जितने भी मुआवजा भुगतान किये गए हैं वर्तमान महंगाई के सापेक्ष में काफी कम है। समिति की ओर से केंद्रीय कोयला मंत्री, मुख्यमंत्री कोल इण्डिया और एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर मूल्याकन बोर्ड की 2019-20 की दरों से बनाए गए मुआवजा को संशोधित करने और वर्तमान नई दर के अनुसार भुगतान की मांग रखी है। समिति का आरोप है कि प्रभावित ग्रामों जैसे नराईबोध, भिलाईबाजार, रलिया, हरदीबाजार, खोडरी, रिसदी, पाली के लिए छत्तीसगढ़ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा जारी पुरानी और नई दरों में प्रति वर्गफुट में भारी अंतर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जिससे प्रभावित परिवारों को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

### युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

**कोरबा।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा समाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को एवं एक स्वैच्छिक संगठन को छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान जिसमें ढाई लाख रूपये एवं एक संगठन को 5 लाख रूपये पुरस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह सामाजिक साहित्य, उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण क्षेत्र, युवा रत्न सम्मान (महिला एवं बाल विकास), युवा रत्न सम्मान (मीडिया), युवा रत्न सम्मान (स्वास्थ्य), युवा रत्न सम्मान (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी), युवा रत्न सम्मान (दिव्यांगजन), युवा रत्न सम्मान (कला एवं संगीत) एवं युवा रत्न सम्मान (लोककला) में सम्मान दिया जायेगा, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र में एक युवा को एक लाख पुरस्कार राशि के साथ पदक, एक प्रमाण पत्र एवं शॉल प्रदाय किया जाएगा। युवा रत्न पुरस्कार (महिला एवं बाल विकास) के पुरस्कार में केवल महिलाओं/ बालिकाओं को ही प्रदाय किया जाएगा। एक श्रेणी का युवा रत्न सम्मान, किसी व्यक्ति संगठन/संस्था को एक से अधिक बार नहीं दिया जाएगा।

## रोसेयो के माध्यम से ही युवाओं को दे सकते हैं सकारात्मक दिशा : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राएं।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत दोडकी में आयोजित हुई। कार्यशाला में डॉ मनोज सिन्हा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सेवा की भावना जगाना है। सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और उनके व्यक्तित्व विकास में योगदान देना है। इसमें स्वयं सेवक को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी सिखाने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

वर्तमान समय में युवाओं के चरित्र और व्यक्तित्व का सजग़ता से निर्माण करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक सशक्त और सरल माध्यम है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ही हम युवाओं को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। युवाओं की शक्ति को राष्ट्र विकास और निर्माण में लगाया जा सकता है। अद्यतन इन युवाओं को द्रव्यसन से सदैव दूर रखकर उन्हें शिक्षा दिया जाना चाहिए। सरकार को भी द्रव्यसन मुक्त समाज बनाने में सहयोग करना चाहिए। ममता सोनी व्याख्याता पटपरा ने बताया कि व्यक्तित्व और चरित्र को सामुदायिक सेवा के माध्यम से विकसित करना है। इसके तहत छात्रों को समुदाय की समस्याओं को समझना, समाधान खोजना, सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना, नेतृत्व के गुण हासिल करना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना सिखाया जाता है। सुरेन्द्र सिंह नेटी ने बताया कि शिविरार्थी परिचय अभिमुखी कारण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक रासेयो अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर, डॉ प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जेबीडी कॉलेज कटघोरा, मनोज गुप्ता एमडीआरटी, व्याख्याता सुरेन्द्र सिंह नेटी, नंद कुमार कंवर, ममता सोनी, मिथिला सिदार कार्यक्रम अधिकारी शिविर संयोजक वीरेंद्र कुमार बंजारे, शिविर सहयोगी मुरारी लाल धीवर सहित अन्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### समय पर नहीं...

ऑटो चालक को कॉल कर बुलाया गया। जिसमें प्रसव पीड़ा से तड़प रही सीमा विश्वकर्मा और परिजनों को जिला अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया। बाबूलाल विश्वकर्मा का आरोप है कि इस दौरान मौके पर मौजूद मितानिन सीमा विश्वकर्मा की बिगड़ती हालत देखकर मौके से अपने घर चली गई। मितानिन को बुलाने और कॉल करने के बावजूद वह उनके साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक नहीं आई। लिहाजा परिजन प्रसूता को आटो में ही लेकर जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए निकल गए, हालांकि जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रसूता सीमा विश्वकर्मा ने बीच रास्तें में ही नवजात शिशु को जन्म दे दिया। जिसके बाद परिजन किसी तरह नवजात शिशु और प्रसूता को लेकर जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। जहां जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। इस घटनाक्रम ने जहां एक ओर सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोल दी है। वहीं दूसरी तरफ प्रसूता के पति बाबूलाल विश्वकर्मा ने मितानिन के असहयोग व्यवहार और एंबुलेंस की लेटलतीफी से पत्नी सीमा विश्वकर्मा की जान खतरे में पड़ने का आरोप लगाया है।

### स्टाप डेम के...

हाइडल प्लांट से दोबारा विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। यहां बताना होगा कि इसके पूर्व भी मिनी हाइडल प्लांट में पानी घुसने का मामला सामने आया था, उस दौरान भी हाइडल प्लांट में पानी घुसने की वजह से मशीनें डूब गई थी और हाइडल प्लांट को बंद करना पड़ गया था। अब एक बार फिर उसी तरह की स्थिति निर्मित हो गई है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी व्यपवर्तन, अनुविभाग पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक/2580/ सक्षम प्राधि/व्यपवर्तन/वा.1/2025
पाली, दिनांक 19/11/2025
रा.प्र.क.05/अ-2/2025-26 ग्रामः मदनपुर, प.ह.नं.28 रा.नि.मं. चैतमा, तहसील पाली जिला-कोरबा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री अशोक कुमार अग्रवाल पिता धनेश प्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम रजकम्मा मदनपुर तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मदनपुर, प.ह.नं. 28, रा.नि.म.चैतमा तहसील पाली जिला कोरबा (छ ग.) स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 441/5, 441/6 रकबा क्रमशः 0.121. 0.030 हे. कुल रकबा 0.151 हे. का औद्योगिक (फ्लाई एश निर्माण उद्योग) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने उपरांत, व्यपवर्तन की सूचना प्रस्तुत करते हुए उक्त भूमि का पुनर्निधारण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 तक स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांकः 19/11/2025

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी व्यपवर्तन, अनुविभाग पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /2581/सक्षम प्राधि/व्यपवर्तन/वा. 1/2025
पाली, दिनांक 19/11/2025
रा.प्र.क्र.04/अ-2/2025-26 ग्राम-मदनपुर, प.ह.नं.28 रा.नि.मं. चैतमा, तहसील पाली जिला-कोरबा (छ.ग.)

सर्व साधारण आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री अशोक कुमार अग्रवाल पिता धनेश प्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम रजकम्मा मदनपुर तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मदनपुर, प.ह.नं. 28. रा.नि.म.चैतमा तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 578/15, 691/10 रकबा क्रमश 0.809, 0.405 हे. कुल रकबा 1.214 हे. का औद्योगिक (राईस मिल उद्योग) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने उपरांत, व्यपवर्तन की सूचना प्रस्तुत करते हुए उक्त भूमि का पुनर्निधारण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 तक स्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांकः 19/11/2025

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी व्यपवर्तन, अनुविभाग पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक/2582/ सक्षम प्राधि/व्यपवर्तन/वा.1/2025
पाली, दिनांक 19/11/2025
रा.प्र.क्र.03/अ-2/2025-26 ग्रामः कुटेलामुड़ा, प.ह.नं.28 रा.नि.मं.चैतमा तहसील पाली जिला-कोरबा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री अशोक कुमार अग्रवाल पिता धनेश प्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम रजकम्मा मदनपुर तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुटेलामुड़ा, प.ह.नं.28, रा.नि.म.चैतमा तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 713/1/ख/1, 713/1/ख/2, 713/1/ख/3 एवं 713/1ख/4 रकबा क्रमशः 0.052, 0.057, 0.057, 0.057 हे. कुल रकबा 0.223 हे. का औद्योगिक (फ्लाई एश निर्माण उद्योग) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने उपरांत, व्यपवर्तन की सूचना प्रस्तुत करते हुए उक्त भूमि का पुनर्निधारण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 तक स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांकः 19/11/2025

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) पाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार चैतमा //**

**कमांक/क/तह./वा 1/2005**
**पाली, दिनांक 19/11/2005**

एतद् द्वारा आम जनता तहसील पाली जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार कैवर्त पिता राधे लाल कैवर्त जाति केंवट साकिन चैतमा तहसील पाली जिला कोरबा द्वारा अपने दादा रतिराम पिता लोकनाथ की मृत्यु ग्राम चेतमा में दिनांक 15/02/1997 को होने से स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001के अंतर्गत जन्म/मृत्यु की निर्देश अनुज्ञा/आदेश प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुलपब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित निर्धारित प्रारूप में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था की कोई दावा/आपत्ति हो तो यह स्वयं अथवा अपने मान्य अभिभाषक के साथ दिनांक 05/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पाली**

**शपथ पत्र**

मैं तवरेज अहमद (TAWREJ AHMAD) उम्र लगभग 45 वर्ष, पिता ऐखलाख अहमद, (AKHLAKH AHMAD) निवासी- मकान क्रमांक 106, वार्ड क्रमांक 35, नेहरु नगर बालकोनगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) का होकर शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं:

01. यह कि, मैं उक्त पते पर स्थायी रुप से निवास करता हूं। मेरा आधार कार्ड क्रमांक 4298 0566 8539 है।

02. यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड क्रमांक EYXPS8889C है जिसमें मेरा सही नाम तवरेज अहमद (TAWREJ AHMAD) दर्ज है।

03. यह कि, मेरा बैंक खाता आईडीबीआई बैंक शाखा टीपी नगर कोरबा में है जिसका खाता क्रमांक 222104000052836/71409365 आईएफएससी कोड IBKL0000222 है। उक्त खाते में मेरा नाम तबरेज अहमद सिद्दिकी (TABREZ AHMED SIDDIQUI) दर्ज है जो कि गलत है।

04. यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम तवरेज अहमद (TAWREJ AHMAD) है तथा मेरे उक्त बैंक खाते में मेरा सही नाम तवरेज अहमद (TAWREJ AHMAD) दर्ज किए जाने की आवश्यकता है।

05. यह कि, यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित बैंक/विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

भवदीय
तवरेज अहमद
(TAWREJ AHMAD)

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता तिवारी चुने गए छग राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य

**कोरबा।** छग राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में जिले से कुल 10 प्रत्याशियों ने अपना भाग आजमाया था जिसमें से दो अधिवक्ता छग राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य चुन लिए गए हैं। जिसमें जिले के अधिवक्ता रविंद्र कुमार परासर ने कुछ दिन पहले ही राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में जीत हासिल की थी। इसके बाद अब जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य अशोक कुमार तिवारी ने छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में जीत हासिल की है। मतदान में श्री तिवारी ने उल्लेखनीय मतों से जीत हासिल की और वे प्रदेश में 25 सदस्य निर्वाचित होने वाले सदस्यों में से 10वें स्थान पर चुने गए हैं। ज्ञात रहे कि रविंद्र कुमार परासर व अशोक तिवारी पूर्व में भी राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य थे।

### प्रांशी प्रभुवा का एमबीबीएस में हुआ चयन



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार निवासी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतरदा में पदस्थ डॉ जी आर प्रभुवा एवं माता गायत्री देवी की बेटी प्रांशी प्रभुवा का एमबीबीएस में चयन श्री रावतपुरा मेडिकल कॉलेज नया रायपुर में हुआ है। कुमारी प्रांशी कक्षा पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई सेंट थामस दीपका से की थी, शुरू से ही पढ़ने में होनहार रही प्रांशी प्रभुवा के चयन पर अपने माता पिता एवं गुरुजनों को श्रेय दिया है।

### एचएमएस मानिकपुर परियोजना शाखा के कार्यकारिणी का गठन, सुगना बने अध्यक्ष

**बांकीमोंगरा।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) एसईसीएल मानिकपुर परियोजना शाखा के कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सुगना अध्यक्ष, पॉल वर्गिश उपाध्यक्ष, हरपाल सिंह उपाध्यक्ष, बदरु जामा अंसारी, जीते लाल प्रसाद, अजय कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है तथा राजकुमार शर्मा को सचिव, उत्तम कुर्रे सहसचिव, एस के सोनी सहसचिव, कन्हैया लहरे सहसचिव को बनाया गया है। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्य में अनिल साहू, अनिल कुमार पटेल, अशोक कुमार, कन्हेया पटेल, एम डी एलीयास, शंकर प्रसाद, उग्रसेन को मनोनित किया गया है। उक्त जानकारी सुरेंद्र मिश्रा ने दी है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी

**कोरबा।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किशत के अंतर्गत देश के 9 करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रुपये की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा, कोरबा में किया गया। यह आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषि विकास, किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। जिला उप संचालक कृषि डीपीएस कंवर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को रबी सीजन में दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा उन्नत कृषि तकनीकों के अपनाने पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कृषि विज्ञान केंद्र कोरबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.पी. सिंह ने प्राकृतिक खेती के महत्व, लाभ एवं व्यावहारिक उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बीजामृत, जीवामृत एवं घनजीवामृत की निर्माण विधियों, उनके वैज्ञानिक आधार एवं उपयोग से उत्पादन लागत में कमी तथा भूमि की उर्वरता संरक्षण के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान ग्राम नवागांव कला के कृषक गब्बर सिंह पिता शिवचरण सिंह को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। प्राकृतिक खेती, विभागीय योजनाओं और फसल विविधीकरण से कृषकों के ज्ञान तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

### हरदीबाजार में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



**हरदीबाजार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्ष एवं सचिव के मार्गदर्शन में (माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के मुख्य प्रावधानों के सम्बन्ध में जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम) के तहत हायर सेकेण्डरी स्कूल हरदीबाजार में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर पीएलवी घनश्याम श्रीवास व रामशरण राठौर के द्वारा बताया गया कि वरिष्ठजन नागरिकों के अधिकार व संरक्षण, अपने माता पिता के देखभाल, चिकत्सा के लिए कानूनी रूप से बाध्य है की जानकारी तथा आगामी नेशनल लोक अदालत, टोल फ्री नंबर एवं निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दिया गया। जिसमें प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिका सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोरबा वनमंडल में 51 हाथियों का झुंड कर रहा विचरण, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किल

# ट्रैक्टर का साइलेंसर निकालकर इंजन किया जा रहा स्टार्ट, तेज आवाज से आक्रोशित हो सकता है गजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में 51 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है जिसमें सबसे ज्यादा हाथियों का झुंड करतला रेंज में है जो लगातार खड़ी फसलों को चौपट कर रहे हैं और शाम होते ही जंगलों से निकलकर खेतों या फिर रिहायशी क्षेत्रों में घुसने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हाथियों को खदेड़ने के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर का सहारा ले रहे हैं। ट्रैक्टर का साइलेंसर को खोलकर इंजन का स्टार्ट किया जा रहा है जिससे निकलने वाली तेज ध्वनी से हाथियों का झुंड तितर बितर हो रहा है। इस तरह की घटना से कभी भी हाथियों का झुंड आक्रोशित हो सकता है और जानमाल को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**खास बात**
- करतला रेंज में सबसे ज्यादा हाथियों का झुंड, करतला में ही ट्रैक्टर का हो रहा इस्तेमाल



जंगल में विचरण करता हाथियों का झुंड।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वन मँडल में 51 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं जिसमें सबसे ज्यादा 37 हाथियों का झुंड बेहरचुंआ, केराकछार, नोनबिर्रा के अलग अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं और देर शाम होते ही खेतों में लगी धान की खड़ी फसल को चट करने पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन कई किसानों की खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं। बताया जाता है कि देर शाम को ग्रामीण अलाव जलाकर अपने जान माल की रक्षा करने में जुटे हुए हैं तो वहीं दूसरे ओर हाथियों की धमक की वजह से उन्हें खदेड़ने के लिए इन दिनों करतला रेंज में ग्रामीण ट्रैक्टर का साइलेंसर खोलकर इंजन को स्टार्ट कर रहे हैं और एक्सीलेटर देते ही बिना साइलेंसर के ट्रैक्टर तेज ध्वनी कर रहा है जिसकी आवाज सुनकर हाथी यहां वहां भाग रहे हैं। पिछले कई दिनों से करतला रेंज में इसी तरह का नजारा सामने आ रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा इस तरह की घटना को रोकने के लिए कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है जिसके चलते ग्रामीण लगातार कुछ इसी तरह से ट्रैक्टर के सहारो हाथियों को खदेड़ने में लगे हुए हैं। निश्चित तौर पर इससे हाथी भाग रहे हैं लेकिन कभी भी आक्रोशित होकर गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं।

**कहां कितने हाथी**

कोरबा वन मंडल में मौजूदा स्थिति में कुल 51 हाथी अलग अलग झुंड में विभक्त होकर विचरण कर रहे हैं जिसमें करतला रेंज के ग्राम बेहरचुंआ पी 1175 में 11 हाथी, केराकछार के पी 1173 में 3 हाथी, केराकछार के ओए 1459 में 6 हाथी, नोनबिर्रा बीट के 1150 में 17 हाथी, नवापारा के पी 1151 में एक हाथी व बालको रेंज के पी 972 दोंदरों में 12 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। प्रतिदिन लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों की खड़ी फसलों को हाथी चट कर रहे हैं। बताया जाता है कि हाथियों का झुंड आधा दर्जन से अधिक झुंड में विभक्त हो चुका है जिसकी वजह से अब वन विभाग के अधिकारियों को इसकी निगरानी करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**ग्रामीणों को दी जा रही समझाइश**

कोरबा वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में 51 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इनकी निगरानी के साथ साथ गांव में मुनादी की जा रही है। हाथियों को रोकने के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर का साइलसेंर निकालकर इंजन को स्टार्ट कर हाथियों को खदेड़ने का प्रयास कर रहे हैं ऐसी जानकारी सामने आयी है जो पुरी तरह से गलत है इससे हाथी कभी भी आक्रोशित हो सकते हैं। इस तरह की हरकतों को न करने की ग्रामीणों को लगातार समझाइश दी जा रही है और हाथियों से दूर रहने के साथ साथ हाथी प्रभावित गांव में पहुंचकर लगातार मुनादी कराई जा रही है।

**- एसके सोनी,** एसडीओ वन मंडल कोरबा

### 13 दिसम्बर को समझौते से समाधान का सूत्र, निपटेंगे हजारों प्रकरण

**कोरबा।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसम्बर को जिला एवं तालुका स्तर पर चैथी एवं वर्ष की अंतिम लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी के संबंध में 18 नवंबर को संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली गयी। उक्त बैठक बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला, पाली के न्यायाधीशगण वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम बैठक में भाग लिये। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा समस्त न्यायाधीशगण से न्यायालयों में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है ताकि विवादों को आपसी समझौते से समयबद्ध समाधान किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा ने अधिकतम लाभ हेतु आम जनता से अपील की है कि वे लंबित प्रकरणों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर तेज पारदर्शी और सौहार्द्र पूर्ण न्याय का लाभ उठाये।

## नवीन प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संयुक्त सचिव कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय पी अंबलगन द्वारा गुरुवार की को दोपहर 1.30 बजे नवीन प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत चयनित कोरबा जिला के कृषि एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त समीक्षा की गई। समीक्षा में जिला कृषि एवं संबद्ध विकास कार्ययोजना, आधारभूत सर्वेक्षण और चिंतन शिविर के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। जिले में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, चुनौतियां और संभावनाओं के बारे में विभागों से चर्चा किया गया। योजनांतर्गत दिए 6 लक्ष्यों अंतर्गत फसल उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण में वृद्धि, फसल कटाई उपरांत प्रबंधन, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, कृषि ऋण सुविधा को सुलभ बनाने के संभावनाओं पर चर्चा किया गया।



अधिकारियों की बैठक लेते संयुक्त सचिव व कलेक्टर।

प्रधान मंत्री आय संरक्षण अभियान अंतर्गत दलहन, तिलहन फसलों का उपार्जन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा कवरेज बढ़ाने, परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत उत्पादित जैविक उत्पादों का व्यवस्थित ढंग से स्थानीय ब्रांडिंग किया जाकर विपणन को बढ़ावा, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, सिंचाई दक्षता में वृद्धि, स्थानीय किसानों को बेहतर मूल्य प्रदाय करने स्थानीय स्तर पर अन्य राज्यों जैसे तमिलनाडु में किसान बाजार के तर्ज पर विपणन की सुविधा देना, कृषि अवसंरचना कोष से कृषि ऋण को बढ़ावा देना, कृषक उत्पादक संगठन का गठन कर मूल्य संवर्धन, उद्यानिकी हेतु सोलर कॉल्ड स्टोरेज, टपक सिंचाई पद्धति, मछलीपालन अंतर्गत केज कल्चर को बढ़ाने, पाण्ड लाइनर द्वारा मछली उत्पादन को वृद्धि, कृषि विज्ञान केंद्र को योजनांतर्गत तकनीकी मार्गदर्शक के रूप में योगदान देने के साथ साथ समय सीमा में जिला कार्ययोजना तैयार करने निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान कलेक्टर जिला कोरबा द्वारा पीएमडीडीकेवाय योजना अंतर्गत ग्राम स्तरीय कोल्ड स्टोरेज सुविधा, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ाने कार्ययोजना बनाने हेतु विशेष जोर दिया गया। उप संचालक कृषि कोरबा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत चिंतन शिविर, आधारभूत सर्वेक्षण का कार्य प्रगतिरत है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विभागों के द्वारा जनप्रतिनिधियों और प्रगतिशील किसानों के साथ कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में कमियों या गैप को ढूंढा जा रहा है। तदोपरांत जिला कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाएगा। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा, के साथ साथ कृषि एवं संवर्गीय विभागों के जिला अधिकारी, कर्मचारीगण, कृषि विज्ञान केंद्र लखनपुर और कृषि महाविद्यालय कटघोरा के वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे।

## ऑटो गैरेज में कार की हो रही थी मरम्मत, पेट्रोल लीक से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ऑटो गैरेज में चल रही कार की मरम्मत के दौरान अचानक आग लग गई। पेट्रोल लीकेज की वजह से कार में आग भडक़ उठी। हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह से जल गया जिससे गैरेज संचालक को भारी नुकसान हुआ है।

**खास बात**
- दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर किया काबू



वह गैरेज जहां मरम्मत के दौरान कार में लगी आग।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी-कटघोरा मुख्य मार्ग पर स्थित एक ऑटो गैरेज में मरम्मत के दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गैरेज में कार की रिपेयरिंग की जा रही थी। इसी दौरान वाहन से पेट्रोल का रिसाव हो रहा था, जिसके संपर्क में किसी चिंगारी के आते ही कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया और कार पूरी तरह से आग की जद में आ गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाया। इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस आगजनी की घटना से गैरेज संचालक को काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच कर रही है कि आखिर कार में कैसे आग लगी है।

## सीआईएसएफ के जवानों को आता देख वाहन को छोड़ भागे डीजल चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार की रात दीपका खदान में डीजल चोर घुसकर ड्रील मशीन से डीजल चोरी कर उसे बोलेरो वाहन में लोड कर भाग रहे थे। इस बीच सीआईएसएफ की टीम की नजर पड़ी तो सीआईएसएफ की टीम ने डीजल चोरों का पीछा किया तो डीजल चोरों ने बोलेरो वाहन को छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए। मामले की शिकायत पर पुलिस ने डीजल चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दीपका खदान में पदस्थ सीआईएसएफ के जवान एम्ब्रोस ने दीपका थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि 19 अक्टूबर की रात वह अपनी टीम के साथ क्यूआरटी डियुटी में तैनात था उसी समय पर सीआईडब्ल्यू

**खास बात**
- 105 लीटर डीजल व बोलेरो वाहन को पुलिस को किया गया सुपुर्द।

में तैनात शेषनारायण पटेल के द्वारा सूचना दिया कि एलके-1 दीपका खदान क्षेत्र में एक बोलेरो वाहन में कुछ संदिग्ध व्यक्ति द्वारा ड्रिल मशीन से डीजल निकाल रहे हैं। सूचना पाते ही क्यूआरटी की टीम बोलेरो वाहन का पीछा कर रहे थे इसी दौरान सीआईएसएफ की टीम को अपनी ओर आता देख डीजल चारों ने जीएम ऑफिस के पीछे गाड़ी क्रमाक सीजी 12 बीएफ 5338 को मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जप्त बोलेरो वाहन में कुल 105 लीटर डीजल भरा हुआ था। जिससे पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने अज्ञात डीजल चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर डीजल चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

## मालगाड़ी आने से पहले युवक ने ओवरब्रिज से लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक अधेड़ व्यक्ति ने मालगाड़ी के आने के पहले ही पवन टाकिज के समीप स्थित ओवर ब्रिज से अचानक छलांग लगा दी जिससे वहां आसपास उपस्थित लोग सख्ते में आ गये। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रुप से घायल अधेड़ व्यक्ति को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजीत बख्शी नामक व्यक्ति ने बुधवार की रात लगभग 8.30 बजे पवन टॉकीज रेलवे फाटक के समीप लगभग 25 फीट ऊँचे रेलवे ओवरब्रिज से नीचे रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। बताया जाता है कि कुछ देर बाद ही वहां ट्रेन आने वाली थी। अधेड़ के नीचे छलांग लगाते ही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और लोग पहले तो कुछ समझ नहीं पा रहे थे बाद में लोगों को समझ आया कि अधेड़ ब्रिज से छंलाग लगाई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल को दी। जिसके उपरांत कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रुप से घायल सुजित को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया है। उसने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डे केयर सेंटर-सियानगुड़ी संचालन हेतु समिति गठित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा वरिष्ठ नागरिकों हेतु 25 सीटर डे केयर-सेंटर-सियानगुड़ी संचालन करने हेतु 8 सदस्यीय जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिक कल्याण एवं अभिसरण समिति गठन का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सीईओ जिला पंचायत समिति के अध्यक्ष होंगे और अपर आयुक्त, एएसपी, सीएमएचओ, अधीष्ठता चिकित्सा महाविद्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित अन्य को सदस्य नियुक्त किया गया है।

**शोक संदेश**

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीया माताजी श्रीमती भगवती कश्यप का आकस्मिक निधन दिनांक 13.11.2025, गुरुवार को हो गया है। जिनका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 22.11.2025, शनिवार को संपन्न होगा। अतः आप उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।



श्रीमती भगवती कश्यप

कार्यक्रम स्थल
हमारा निवास स्थान: ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
शांति भोज : दोपहर 2 बजे से

विनीत : राजू कश्यप (जलवा), राजा कश्यप, गोलू कश्यप (पुत्र)
मो.: 9425543961, 9329667847, 9303062463
शोकाकुल : समस्त कश्यप परिवार
नोट: जिस किसी स्नेहीजन को शोकपत्र न मिला हो इसे ही सूचना मानें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# कमजोर छात्रों के लिए विशेष क्लास लगाई जाएगी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले की शैक्षिक गुणवत्ता सुधार व बोर्ड परीक्षाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने बैठक में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की तैयारी की विकासखंडवार समीक्षा की।उन्होंने निर्देशित किया कि वर्ष 2025-26 में कक्षा 10वीं तथा 12 वीं के परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में कम से कम 10 प्रतिशत वृद्धि सुनिश्चित की जाए। इसके लिए प्राचार्यों की बैठक लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में से प्रति विकासखंड सौ छात्रों का चयन कर आवासीय सुविधा सहित विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरांत प्रत्येक विद्यालय में रिमेडियल क्लास अनिवार्य रूप से आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने जनवरी एवं फरवरी माह में विगत वर्षो के प्रश्नपत्रों का प्रतिदिन लिखित अभ्यास सभी विद्यालयों में कराए जाने की बात कही, जिससे विद्यार्थी परीक्षा पद्धति व प्रश्न संरचना से भलीभांति परिचित हो सकें।

आपार आईडी के शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हेतु उन्होंने निर्देशित किया गया कि जिन छात्रों का आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र के अभाव में नहीं बन पा रहा है, उनकी सूची विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दो दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तथा सुबह के पौष्टिक नाश्ता कार्यक्रम का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411